हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025



# ठिठुरन से कंपकपाया अंचल, शीतलहर का येलो अलर्ट, धुंध से घटी विजिबिलिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंचल में पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिसका सीधा असर सेहत पर देखने को मिल रहा है। अलसुबह कोहरे की वजह से विजिबिलीटी भी घट गई है। जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। जिसको देखते हुए प्रदेशभर में यातायात विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाईजरी जारी कर ठंड से सुरक्षित रहने कहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अंचल को लेकर शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि एक राहत भरी खबर यह है कि उसके बाद अगले पांच दिनों में तापमान में वृद्धि का दौर देखने को मिल सकता है। इधर मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विदेश परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस समय प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंड उत्तरी हिस्से में पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें। इधर मौसम विभाग के अनुसार कोहरा और ठंड के कम होने में अभी चार से पांच दिन का समय लग सकता है। जब तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है।

## अंचल का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर पहुंचा, अलसुबह कोहरा से हादसे की आशंका बढ़ी

### तापमान में दिख रहा अंतर

अंचल में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर लोगों को बीमार कर रहा है। इसका असर सिर्फ बच्चों पर ही नहीं, बल्कि युवा और बुजुर्गों पर भी दिखने लगा है। वहीं अगले कुछ दिन तापमान में बदलाव की संभावना भी कम जताई गई है।



### दो जिलों के लिए अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए अलर्ट में राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला शामिल है। दोनों ही जिले में 19 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। जिसका असर भी अंचल में देखने को मिल सकता है।

### धुंध में धीमी चलाए गाड़ी

अंचल में अलसुबह कोहरा देखने को मिल रहा है। जिससे दृश्यता भी घटी है। देश के अन्य हिस्सों में कोहरे की वजह से हो रहे हादसे को देखते हुए परिवहन विभाग ने अपील जारी करते लोगों से कहा है कि वाहन कोहरे के दौरान धीमे चलाए। अपनी हेडलाइट्स चालू करें और उन्हें लो बीम मोड में रखें। अपनी फॉग लैंप और पार्किंग लाईट चालू रखें। डिफ्रोस्टर और विंडस्क्रीन वाईपर का उपयोग करें।

# एसआईआर: 55 हजार लोगों के फार्म नहीं आए, 18221 वोटर को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देश के दर्जनभर राज्य में पिछले डेढ़ महीने से जारी एसआईआर की प्रक्रिया का पहला चरण अब समाप्त हो गया है। जमा किए गए गणना प्रपत्र को डिजिटिल्ज़्ड भी किया जा चुका है। जिले में करीबन 7 फीसदी यानी 55 हजार मतदाताओं के फॉर्म नहीं जमा हुए। इतने मतदाता जिले में घट गए हैं। हालांकि अब भी इन मतदाताओं के पास दावा-आपत्ति का समय है। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद 21 फरवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

इधर प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म-6 भरकर फिर से नाम जुड़ा सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक माह का समय मिलेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 23 दिसंबर से शुरू हो जाएगी, जो 22 जनवरी तक चलेगी। ऐसे मतदाता बीएलओ के पास फार्म-6 भरकर उसके साथ आवश्यक दस्तावेज लगाकर पुनः नाम जुड़ा सकते हैं। 21 फरवरी को होने वाले अंतिम प्रकाशन वाली सूची में ऐसे पात्र मतदाताओं के नाम शामिल किए जा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने अक्टूबर में ही मतदाता सूची को अपडेट कराया था। चार नवंबर से घर-घर सर्वे के दौरान इन्हीं मतदाताओं को गणना पत्रक बांटा गया था। दूसरी बार समय-सीमा में वृद्धि के बाद 18 दिसंबर तक 2300 फार्म जमा हो गए। 23 दिसंबर को प्रकाशित की जाने वाली प्रारंभिक सूची में लगभग 7.80 लाख मतदाताओं के नाम होंगे।

### शुद्धिकरण प्रक्रिया चल रही

जिले से कुल 55 हजार 700 मतदाता ऐसे हैं, जो घर पर नहीं मिले या जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं है। हालांकि दावा-आपत्ति की अवधि में पात्र लोग आवश्यक दस्तावेज देकर अपना नाम जोड़ सकते हैं। उसका निराकरण करने के बाद ही अंतिम प्रकाशन होगा। एसआईआर की प्रक्रिया के तहत पहले चरण के तहत गणना प्रपत्र जमा करने के बाद अब 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद दावा-आपत्ति का दौर शुरू होगा। 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया चलेगी। 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### आज से एसआईआर का दूसरा चरण

अक्टूबर में जिले की मतदाता सूची में जो आठ लाख 35 हजार 910 मतदाता थे, इनमें से 55 हजार 700 के नाम कट गए। सबसे अधिक लगभग 20 हजार नाम राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कटे हैं। इनमें 15 हजार 500 वोटर्स ऐसे हैं, जो दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। साथ ही 2900 के नाम एक से अधिक स्थानों पर थे। मृत्यु, आधार अपडेट न होने व अन्य कारणों से भी नाम सूची से बाहर हुए हैं।

### हर विधानसभा में कटे नाम

एसआईआर में सर्वाधिक 20 हजार नाम राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कटे हैं। राजनांदगांव विस में 217958 वोटर थे। जिनमें 197387 के ही फार्म आए हैं। प्रशासन का दावा है कि नाम कटने वालों में दूसरी जगह शिफ्टिंग, एक से अधिक जगह पर नाम और मृत्यु हो चुके लोगों की संख्या अधिक है। डोंगरगढ़ में लगभग 13 हजार 400, डोंगरगांव में लगभग 10400 और खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 11 हजार 200 मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हुए हैं।

### सी श्रेणी वालों को मिलेगा नोटिस

बताया गया कि एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने के बाद फार्म को तीन भाग ए, बी और सी में बांटा गया है। सी श्रेणी में रखे गए मतदाताओं के गणना प्रपत्र तो सही मिले हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने और उनके माता-पिता के वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित दस्तावेजों की जांच करना बाकी है। सी श्रेणी वाले मतदाता जिन्होंने 2003 की मतदाता सूची में अपना, अपने माता-पिता या परिवार के किसी भी रिश्तेदार के मतदाता सूची से संबंधित जानकारी फार्म के साथ जमा नहीं कर पाए हैं। एसआईआर गणना प्रपत्र भरने की अंतिम तारीख खत्म होने के साथ इन सभी मतदाताओं को एसडीएम नोटिस जारी करेंगे।

# मंडी में घटिया निर्माण, जांच के बाद ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड

## घटिया निर्माण के चलते रिषभ कंस्ट्रशन पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर इलाके में स्थित कृषि एवं सब्जी मंडी में सवा करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जांच टीम ने यह पाया कि उक्त ठेकेदार द्वारा निर्माण में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही थी। जिसके चलते उसको ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने बसंतपुर कृषि मंडी में 1.27 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे डामरीकरण में भ्रष्टाचार को लेकर गंभीरता से मामला उठाया था। जिसके बाद जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच टीम का गठन कर दिया था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उक्त ठेकेदार द्वारा निर्माण के अल्प अवधि पश्चात कई स्थानों पर सी ल को ट स र फे स उखड़ने लगा था। बीएम ग्रेडेशन मानक से विचलित पाया गया। टीएस अनुसार सीलकोट टाईप ए बीटूमिन से किए जाने का प्रावधान है, लेकिन उक्त ठेकेदार द्वारा टाइप बी बीटूमिन का उपयोग किया जा रहा था। प्राक्कलन में गैर उल्लेखित आईटम को माप पुस्तिका में दर्ज किया गया। इन सभी अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन ने रिषभ कंस्ट्रशन को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

सुमीत बाजार™

आज का स्पेशल ऑफर

5 स्टॉर होटल में यूज होने वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
प्रीमियम क्वालिटी




इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड
3 बेडशीट
100% COTTON ONLY PLAIN SINGLE BEDSHEET

₹449 में
अविश्वसनीय रेट ऑफर...
*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

सुमीत मंडी परिसर
बसंतपुर रोड, राजनांदगांव


हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि
पाठकों के
विश्वास के 24 वर्ष
सचिन बघेल
अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### पिनकापार में सतनाम मेला आज

**मेंढ़ा।** ग्राम पिनकापार में गुरु घासीदास जयंती पर कल 20 दिसम्बर को सतनाम मेला का आयोजन रखा गया है।सतनामी समाज द्वारा पंथी नृत्य रैली निकाला जाएगा। जैतखाम पर नया श्वेत ध्वजा लगाया जाएगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी नीचेकोहड़ा का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के इतवारी भारती, लोकेश बंजारे, राजकुमार सोनवानी, सरपंच मोहन कंवर ने सभी से शामिल होने की अपील की है।

### बरनारा कला मड़ई 25 को

**मुरमुंदा।** बरनाराकला में आगामी 25 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में अजय माला ग्राम भर्रीटोला का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। ग्राम विकास एवं शीतला समिति ने लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकरी हजारी निषाद ने दी।

### भागवत कथा का समापन 21 को

**मुरमुंदा।** मुड़पार में आदर्श प्रगति मंडल, श्री गणेश उत्सव समिति एवं



ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक भगवताचार्य मुकुंद कृष्ण महराज राका है। आयोजन के छठवे दिन श्रीकृष्ण की बाल लीला, दही हंडी फोड़, गोवर्धन पर्वत को उठाना एवं रुखमणी विवाह पर कथा का वाचन मनमोहक झाकियों के साथ किया गया। कल 20 दिसम्बर को परिक्षित मोक्ष चढोत्री शोभायात्रा निकाला जाएगा। आगामी 21 दिसंबर को गीतासार, पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण होगा।

### सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**पटेवा।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़



प्रांत की योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर गाड़ाघाट चौक में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता राजकुमारी दास वैष्णव ने की। वक्ता जयंती विश्वास, रामेश्वरी साहू, संयोजिका पूर्णिमा वैष्णव, सह संयोजिका मीरा चंदेल, खोमिन मंडावी, प्रियंका मारकंडे थी। जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, प्रधानाचार्य जागृत साहू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व समाज राष्ट्रहित में महिलाओं की योगदान पर विचार व्यक्त किया। महिलाओं ने पराक्रमी महिलाओं पर एकल अभिनय किया।

### जयंती समारोह 25 को

**पटेवा।** ग्राम मासुल में गुरु घासीदास जयंती के मौके पर 25 दिसंबर को मंडई मेला रखा गया है। इस मौके श्याम कुटेलिया का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। आयोजन के तहत 2 बजे से सतनाम गंगा पंथी दल मासूल द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात जैत खाम की पूजा अर्चना कर श्वेत पताका फहराया जाएगा। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### पेंशनरों के अधिकारों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** विश्व पेंशन दिवस के अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर संघ शाखा डोंगरगढ़ ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पेंशनरों के अधिकारों, सम्मान एवं सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर 17 दिसंबर 1982 को सुप्रीम कोर्ट के उस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में बताया गया जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कानूनी अधिकार स्थापित किया गया और पेंशनभोगियों को सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अवसर मिला। इस दौरान तीन नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई। सभी पेंशनरों ने एकजुट होकर अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

### भारी वाहन पलटा

**खड़गांव।** महाराष्ट्र से लोड होकर रायपुर जा रहा सोलह चक्का वाहन वन



विभाग नाके के आगे पलट गया। आवाज सुनकर आसपास लोगों की भीड़ लग गई। वाहन चालक कुंदन पासवान निवासी झारखंड ने बताया कि वाहन का एक चक्का अचानक से एक तरफ खींचा गया जिसके कारण गाड़ी पलट गई। इस हादसे में कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है। चालक ने बताया कि सुबह कोहरा होने से सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी। गाड़ी चालक सुरक्षित है। घटना की सूचना मालिक को दे दी गई है। लोगों ने बताया कि रोड़ किनारे चेकर टाईल्स लगाया जा रहा है। कार्यस्थल पर सांकेतक बोर्ड नहीं लगया गया है। मौके पर चेकर टाईल्स , रेत एवं अन्य सामानों को रोड़ पर खुला छोड़ दिया गया है जिसके कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

### किसानों को उपयोगी प्रशिक्षण

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत



समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से अछोली में किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सरपंच नंदकुमार साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं आयवर्धक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने किसानों को जैविक कृषि, दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने, मृदा परीक्षण के महत्व तथा वैज्ञानिक कृषि प्रबंधन के बारे में बताया। ग्रामीण आजीविका संवर्धन के लिए पोल्ट्री यूनिट, एरो प्लांट तथा दोना-पत्तल निर्माण की जानकारी दी गई। इस दौरान भैयासिंह झारे, नंदलाल साहू, कृषि विशेषज्ञ सोमनाथ चवाले, मुकेश साहू, वैशाली कोचे सहित अन्य उपस्थित थे।

### माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**टेड़ेसरा।** अखिल भारती विद्या भारती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत ने सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर टेडेसरा में किया। मुख्य अतिथि सुरेखा साहू अध्यक्ष ग्राम महिला संगठन थी। अध्यक्षता बुंदा वर्मा अध्यक्ष जिला ग्राम भारती ने की। मुख्य वक्ता जमुना साहू क़ृषि मित्र बिहान समूह, पुष्पलता साहू, सिया सैनी साहू थी। इस मौके पर मोनिता साहू, तिरंजा बिसेन, तारामती कंवर, पदमनी साहू, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, प्रधानाचार्य धनीराम यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में 170 महिलाएं सम्मिलित हुई। श्रीमती वर्मा ने विस्तार से सप्त शक्ति योजना की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, समाज में महिलाओं की योगदान पर प्रकाश डाला। माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेनका निषाद, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, चाकेश्वरी साहू, योगेश्वरी वर्मा, हिना यादव, भावना यादव मौजूद थी।

---

नेताओं ने कहा : सरकार कर रही विपक्षियों को परेशान

# नेशनल हेरोल्ड मामले में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

## रैली निकालकर जिला मुख्यालय में की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। गत दिनों नेशनल हेरोल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के विरुद्ध मामले को कोर्ट से लेने से मना कर दिया था। कोर्ट ने साफ कहा कि यह चार्जशीट कानून के मूल ढांचे के खिलाफ है इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भाजपा कार्यालय घेराव करने से पहले विधायक निवास में कांग्रेसी एकत्रित हुए। पदाधिकारियों के संबोधन बाद रैली की शक्ल में भाजपा कार्यालय की तरफ कूच किया। सभी कांग्रेसी पार्टी का झंडा लहराते हुए नारेबाजी के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे। गेट पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच कांग्रेसियों को रुकना पड़ा। यहां भी कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी किया।



#### बदले की भावना से शिकायत

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बदले की भावना से कांग्रेस के नेताओं पर कार्रवाई करना चाहती है किन्तु सरकार की पोल नेशनल हेरोल्ड में खुलकर सामने आ गई। यह तय हो गया कि भाजपा सरकार न्यायिक संस्थाओं का दुरुपयोग करती है।

#### कांग्रेसी रहे मौजूद

रैली में पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, संजय जैन, जनपद अध्यक्ष मानपुर पुष्पा मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चक्रधारी, मानपुर कांग्रेस अध्यक्ष अवध चुरेन्द्र, चौकी अध्यक्ष राजकुमार धुर्वे, देवानंद कौशिक, मीणा मांझी, दिनेश शाह मंडावी, पुष्पा मंडावी, विमल साहू, ऋषभ ठाकुर, सागर सिन्हा, तनुज मंडल, सत्या सिन्हा, योगेश पटेल, रामेंद्र गोआर्य, सुजानिक, लता साव, सरस्वती ठाकुर, बलराम मंडावी, नारद कचलाम, टीभूराम तारम आदि शामिल हुए।

#### कार्यकर्ता हुए आमने-सामने

जब कांग्रेसियों ने रैली निकाली तब भाजपा के पदाधिकारी कार्यालय में बैठे थे। कार्यालय में मोर्चा एवं मंडलों में हुई नियुक्ति के सिलसिले में बैठक रखी गई थी। कांग्रेसी के गेट में पहुंचने पर भाजपाइयों ने भी नारेबाजी किया। दोनों पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे पर छींटाकशी करते रहें। गहमागहमी के बीच पुलिस अधिकारियों ने मामले को संभाला एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अंदर चले गए। कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजा राम सबको सन्मति दे भगवान भजन गाकर रैली समाप्त किया।

---

# स्टीम इंजन स्थापित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय सहित रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को पत्र लिखकर रेलवे परिसर में स्टीम इंजन मॉडल के रूप में स्थापित करने की मांग की है। श्री हथेल ने कहा कि स्थानीय रेलवे स्टेशन ब्रिटिश शासन के समय से प्रतिष्ठित स्टेशन रहा है। पूर्व में स्टीम इंजन का यहां बड़ा हब रहा है। यहां हजारों कर्मचारी काम करते थे। शहर के धार्मिक महत्व और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए स्टीम इंजन रखने की मांग उन्होंने की है ताकि रेलवे के अतीत से युवा वाकिफ हो सके।

#### बढ़ रहे पर्यटक

शहर में माँ बम्लेश्वरी मंदिर, चंद्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरि सहित अन्य धार्मिक स्थानों के होने से विभिन्न धर्म के लोगों की आवाजाही साल दर साल बढ़ रही है। रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ने से देशभर से श्रद्धालु आसानी से पहुँच पाते हैं, जिससे स्थानीय व्यवसायों को फायदा हो रहा है। हाल में स्टेशन का पुनर्विकास करते हुए लिफ्ट, एस्केलेटर, वातानुकूलित प्रतीक्षालय का विकास किया गया है।

---

# जयंती पर बिका मांस भड़का सतनामी समाज



**डोंगरगांव।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू घासीदास बाबा की जयंती के दिन शहर में खुलेआम मांस मटन के विक्रय के मामले को सतनामी समाज ने गंभीरता से लिया है। सामाजिक जनों ने कृत्य की निंदा करते हुए शुक्रवार को एसडीएम और थाना में ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा पार्षद राजा जैन ने भी मामले की उच्च स्तरीय शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 18 अगस्त 2022 को जारी आदेश के तहत गत 18 दिसंबर को सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा घासीदास जयंती के मौके पर नगर सीमा में पशुवध गृह, मांस, मटन, मछली और अंडा के विक्रय को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश जारी करने के बाद इस कारोबार की निगरानी नहीं करने के बाद शहर में मांस, मटन आदि की दुकानें न सिर्फ खुली रही बल्कि विक्रय भी हुआ। प्रतिबंध के बाद मांस मटन आदि के विक्रय के मामले को ब्लॉक सतनामी समाज सेवा समिति ने काफी गंभीरता से लिया है।

#### समाज ने जताया विरोध

सतनामी समाज के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को काला कोट पहनकर एसडीएम कार्यालय और थाना पहुंचे और इस घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर के विभिन्न स्थानों पर मांस की बिक्री को आदेश का उल्लंघन बताया साथ घटना को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने ज्ञापन में प्रकरण की तत्काल जांच, आदेश का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर दंडात्मक कार्रवाई, संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद ब्लाक सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुर्रे, विक्रम कुर्रे, नेतराम कुर्रे, दुर्गेश सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# खुदाई से टूट रही पुरानी पाइप लाइन

## पेयजल आपूर्ति हो रही प्रभावित, बढ़ रही नागरिकों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जल आवर्धन योजना के तहत नगर में बिछाई जा रही पाईप लाईन के चलते नगर में हर दिन किसी न किसी वार्ड में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। नई पाईप लाईन बिछाने के लिए हो रही खुदाई से पुरानी पाईप लाईन कही न कही टूट फूट रही है जिससे पेयजल की सप्लाई में बाधा आ रही है।

जानकारी के अनुसार जल आवर्धन योजना के तहत नगर में 35 किमी पाईन लाईन बिछाने का कार्य जारी है। गर्मी से पहले ही पाईप लाईन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। समय सीमा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग में पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। पाईप बिछाने के लिए बस स्टैंड से गांधी चौक तक खुदाई की गई है। खुदाई के बाद पाईप डाला जा रहा है लेकिन नई पाईप लाईन के चक्कर में पुरानी पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो रही है जिसकी मरम्मत करने में एक दिन का समय लग रहा है जिससे पानी आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पिछले दिनों बजरंग चौक, गांधी चौक, डॉ आम्बेडकर चौक में पाईप लाईन टूटने से जलापूर्ति प्रभावित रही।



#### सभी 15 वार्डों में बिछेगी पाइप लाइन

योजना के तहत नगर के सभी 15 वार्डो जिसमे कान्हे व मेरेगांव भी शामिल है में नई पाईप लाईन बिछाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नागरिको को भरोसा दिलाया कि सभी वार्डो में बिना भेदभाव के कार्य कराया जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नागरिको को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

#### धूल- कीचड़ से परेशानी

पाईप लाईन के क्षतिग्रस्त होने के बाद पानी बहने से सड़क पर कीचड़ हो रही है।वहीं खुदाई के बाद निकली मिटटी के फैलने से व्यापारियो एवं सडक किनारे के निवासियों को धूल का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड के दुकानदार पखवाडे भर से धुल और कीचड़ से परेशान हैं। बजरंग चौक निवासी राजकिशोर गुप्ता, बिसाहूदास मानिकपुरी, सत्यम बाजपेयी, मिक्की खंडेलवाल, गोलू द्विवेदी, मनीष शाह ने व्यापारियों एवं नागरिकों को राहत दिलाने की मांग की है।

---



### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 11 से

**राजनांदगांव।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 अंतर्गत बॉस्केटबॉल (बालक-बालिका 17 वर्ष) का आयोजन 11 से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया है। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### झंडातलाव मड़ई 29 को

**एलबी नगर।** ग्राम झंडा तलाव में मंडई मेला का आयोजन आगामी 29 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी ग्राम बेंदाड़ी का मंचन होगा। यह जानकारी सरपंच मोटिंबाई वर्मा ने देते हुए आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

---

## सामाजिकजनों और जनप्रतिनिधियों ने बाबा के विचारों पर विस्तार से डाला प्रकाश

# घासीदास की पूजा कर जैतखाम पर किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़







विधायक हर्षिता स्वामी बघेल करेलापारा, खुर्सीपार, इरईखुर्द, रेंगाकठेरा, तेंदूभाठा, बेलगांव में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती समारोह में शामिल हुई। उन्होंने मुढ़ीपार में जैतखाम का लोकर्पण, जुरलाखुर्द में जैतखाम एवं कांकीटीकरण का लोकार्पण किया। इस दौरान सतनामी समाज, ग्रामवासी, पंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत नगतराई में सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गुरु घासीदास जी के विचारों को लोगों के सामने रखा। इस दौरान भजन, प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु घासीदास के जीवन, त्याग और समाज सुधार में दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर एडी बंजारे, शंकरलाल भारती, युनित भारती, मनोज रात्रे, झगेंद्र कुमार, तिहेष भारती, मंगलदास, शिवप्रसाद रात्रे सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत मे प्रसाद वितरण किया गया।



**छुरिया।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पांडेटोला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि रविन्द्र वैष्णव, सरपंच कीर्तनराम साहू थे। गुरु घासीदास को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने झंडारोहण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि घासीबाबा का मनखे-मनखे एक समान का संदेश समाज को प्रेरणा देता है। सभा को जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नकुल नेताम, नैनसिंह पटेल, कुंदन बड़ोले, टीकम साहू, सुभाष ठाकुर, बरसन कोटरे, डोमन आडिल, सुदर्शन कोटले, सौतराम आडिल, भारत आडिल, फुगनबाई कोटरे, सत्यवती, पृथ्वीबाई, धर्मदास, चोवाराम आडिल, बरसनदास कोटरे सहित अन्य उपस्थित थे।

#### जयंती समारोह में पंथी नृत्य की प्रस्तुति



**पटेवा।** इरईखुर्द में गुरू घासीदास जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य तुलसी साहू ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, प्रभा नरेन्द्र वर्मा, दाऊचंद वर्मा, पुसऊराम वर्मा थे। इस अवसर पर साहरंगपुर सत के अंजोर पंथी नृत्य दल ने झांकी के साथ पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। विधायक श्रीमती बघेल ने बाबा के संदेश को मानव जीवन का भविष्य संवारने वाला बताया। उन्होंने कहा कि मानव मानव एक समान, सत्य ही ईश्वर है का संदेश बाबा ने दिया है। उन्होंने समाज क लोगों को मांसाहार एवं नशे से दुर रहकर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बातें कही। सभा को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बारले एवं जनपद सदस्य श्रीमती साहू ने भी संबोधित किया। विधायक बघेल ने अधुरे बाउंड्री वॉल को पूरा करने के लिए पांच लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर भागवत घृतलहरे, मोती लाल, हीरूराम, शंकरलाल, मनोहर, डेरहादास, रमेश कुमार, सोहन, पुखराज, देवानंद, अशोक, मुकेश, लोकेश, दानेशवर, कमलेश, मनोज, टोपदास,

#### केशला में सतनाम भवन लोकार्पित

**डोंगरगांव।** ग्राम मारगांव एवं केशला में सतनामी समाज के आराध्य गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। समारोह में पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। उन्होंने केशला में सतनाम भवन का लोकार्पण किया। मारगांव में जैतखाम पर ध्वज चढ़ाया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्री साहू ने कहा कि घासीदास बाबा ने मानव समाज को समरसता का संदेश दिया। इस मौके पर जनपद सदस्य कुमानसिंह नेताम, सरपंच राधा कंवर, आत्माराम सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, कौशल लहरे, देवप्रसाद मारकंडे, चुम्मन साहू, खेलन जांगड़े, क्रांति बंजारे, त्रिवेणी कमरिया, रानी राजू, कुंभ जोशी, नेतराम, बसंत साहू, मुन्ना पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पवनतरा में घासीदास जयंती एवं मंडई आज

**जालबांधा।** समीपस्थ ग्राम पवनतरा में जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में कल 20 दिसम्बर को बाबा गुरु घासीदास की 269 वी जयंती एवं मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम में 11 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे झंडारोहण एवं पंथी नृत्य व रात्रि में 10 बजे सुनील सोनी कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह, विशिष्ट अतिथि भूखन बंजारे, सरपंच राजेन्द्र वर्मा, उपसरपंच दुजराम देशलहरे आदि उपस्थिति रहेंगे।

### योजनाओं की हकीकत जानने गांव पहुंचे कलेक्टर



**छुईखदान।** विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### बैगा परिवार को मिला पक्का घर



**छुईखदान।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी अभिसरण से प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के जीवन में उल्लेखनीय और स्थायी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इन योजनाओं से न केवल पक्के आवास की सुविधा मिली है, बल्कि आजीविका के सशक्त साधन भी उपलब्ध हुए हैं, जिससे बैगा समुदाय के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। विकासखंड छुईखदान अंतर्गत, मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित बैगा जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत गोलरडीह इसका जीवंत उदाहरण है। यहां की बैगा आदिवासी महिला श्रीमती कोदिया बाई को पीएम जनमन अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से पक्का आवास प्राप्त हुआ है। इस आवास से उन्हें सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का अनुभव हो रहा है।

### ओवरलोड से गंडई की सड़कें हो रही छलनी, खनिज विभाग मौन

# प्रशासन की नाक के नीचे रेत का काला खेल धड़ल्ले से जारी

## रायल्टी जारी नहीं होने के बावजूद रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

जिले में खनिज माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि शासन के नियमों को ठेंगे पर रखकर रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। गंडई क्षेत्र में हर दिन दर्जनों ओवरलोड हाइवा और ट्रकें सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग अपनी आंखें मूंद कर बैठा है।

विश्वस्त सूत्रों और धरातल की स्थिति को देखें तो वर्तमान में अधिकतर रेत खदानों के लिए आधिकारिक रॉयल्टी जारी ही नहीं की गई है। इसके बावजूद बिना किसी पास के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। शासन को हर दिन लाखों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। सवाल यह उठता है कि बिना जांच के ये गाड़ियां किसकी शह पर सरपट दौड़ रही हैं?

### हितग्राहियों के साथ बड़ा धोखा

राज्य शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने वाले गरीबों को रेत की रॉयल्टी में पूरी छूट दी जाएगी, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। गंडई क्षेत्र में आवास योजना के हितग्राहियों को रेत माफिया भारी-भरकम दामों पर रेत बेच रहे हैं। हितग्राहियों को न तो शासन की छूट का लाभ मिल रहा है और न ही प्रशासन इस लूट को रोकने की जहमत उठा रहा है।



**नहीं मिला जवाब** — केसीजी जिले के खनिज निरीक्षक बबलू पांडे एवं सम्बंधित विभाग के इंद्रलाल को मोबाइल पर कई बार सम्पर्क किया गया तो भी उनके द्वारा काल का जवाब नही दिया गया।

### बुद्धिजीवियों में आक्रोश

क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि ओवरलोड गाड़ियों के कारण वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा? खनिज विभाग की इस निष्क्रियता ने आम जनता के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है।

**सड़कों का बुरा हाल, धूल के गुबार से जनता बेहाल** — बरसात के बाद जर्जर हो चुकी सड़कें अब रेत माफियाओं के ओवरलोड वाहनों के कारण पूरी तरह तबाह हो रही हैं। तय क्षमता से अधिक रेत भरकर चलने वाले हाइवा सड़कों को गर्त में धकेल रहे हैं। गाड़ी पर सुरक्षा मानक के अनुसार ग्रीन मैट (तिरपाल) नहीं लगाया जा रहा है। उड़ती रेत के कारण पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सड़कों के टूटने और उड़ती रेत ने पूरे क्षेत्र को धूल की चादर में लपेट दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

# तिरंगा चौक पर भूपेश बघेल का जोशीला स्वागत



- कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का शुक्रवार को क्षेत्र में आगमन हुआ। दोपहर 1 बजे नगर के तिरंगा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य और आतिशबाजी के साथ जोशीला स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री बघेल भिलाई-3 से धमधा होते हुए धोधा चौक पहुंचे। जैसे ही उनका काफिला ने गंडई की सीमा में प्रवेश किया, वहां मौजूद कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। समर्थकों ने पुष्पवर्षा और जोरदार नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिग्येश यादव, लियाकत अली, मोहसिन खान, शैलेंद्र जायसवाल, दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, क्रांति ताम्रकार, कन्हैया कुर्रे, ताराचंद बंजारे, अशरफ सिद्धिकी, किशुन मिर्चे, अमित टंडन, कृष्णा देवांगन, शाद मेमन, मिथलेश साहू, गोवर्धन साहू, मंहगू कोशरिया, विष्णु यादव, पूरन मरकाम, आत्मा वर्मा, विक्की टंडन, राकेश साहू, संतोष सोनी, शैलेंद्र दुबे, नारायण जंघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रेंगाखार के लिए हुए रवाना

स्वागत के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का काफिला रेंगाखार और बोडला की ओर रवाना हुआ। वहां आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे।

# वनांचल के जरूरतमंद ग्रामीणों को दिया वस्त्र



**छुईखदान।** वस्त्रदान समिति छत्तीसगढ़ के संयोजक डॉ. अविनाश तिवारी के मार्गदर्शन में जिला वस्त्रदान समिति ने ग्राम लछनाझिरिया, नवागांव एवं निजामडीह में 200 जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित किया। अभियान के तहत अभावग्रस्त परिवारों को 310 कंबल, धोती, लुंगी, चादर, दैनिक उपयोग के वस्त्र, महिलाओं को साड़ी, बच्चों को मोजा-टोपी सहित अन्य गर्म कपड़े दिए गए। समिति ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों में वस्त्रों की आवश्यकता भिन्न होती है, जिससे वितरण में चुनौतियाँ आती हैं। समिति द्वारा सभी प्रकार के वस्त्र एकत्रित कर लोगों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इस सेवा अभियान में रूपेश देवांगन, गोविंद सोनी, शमशुल होदा खान, उत्तम बागड़े, वंदना दांडेकर, नीलमसिंह राजपूत, आमीन खान, ऋषिदीप सिंह, नितेश जैन, उमेंद्र पटेल, दिनेश टांडेकर, रूपेंद्र रजक, राजू यादव, किशोर शर्मा, चैतराम वर्मा, पन्नालाल वर्मा, महादीप जंघेल, खलील कुरैशी, शिवम ताम्रकार, तुकाराम वर्मा, राजेश मरकाम, संजय वालेचा, मनोहर सेन, संजय सिंह, आकाश तिवारी, ज़हीन खान सहित अन्य शामिल हुए।

# किसान महापंचायत आज, निर्णायक संघर्ष का ऐलान

## प्रस्तावित चूना पत्थर खनन और सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक के संडी में प्रस्तावित चूना पत्थर खदान के विरोध मे पंडरिया, बिचारपुर भाठा में आज किसान महापंचायत आयोजित होगी। भविष्य की लड़ाई की दिशा तय करने आयोजित महापंचायत मे जीवन, सम्मान और अस्तित्व के प्रश्न को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा होगी।

45 से अधिक गांवों के किसान, ग्रामीण परिवार, पंच सरपंच, जनपद सदस्य सहित अन्य की उपस्थिति में संघर्ष के लिए संगठित शक्ति के निर्माण को लेकर बात होगी। दनिया, रोड अतरिया, उदयपुर, हनईबन सहित सम्पूर्ण परिक्षेत्र के लोगों ने जमीन, पानी, जंगल और भविष्य की कीमत पर किसी भी तथाकथित विकास को स्वीकार नहीं करने की बात के साथ कहा कि प्रस्तावित संडी, हनईबन, सीता डबरी और अन्य चूना पत्थर लाइम स्टोन खनन ब्लॉक के अलावा सीमेंट फैक्ट्री सीधे सीधे हमारे अस्तित्व पर हमला हैं। यह परियोजना न केवल पर्यावरणीय विनाश को जन्म देगी बल्कि हजारों नहीं, लाखों ग्रामीणों को उजाड़कर बेघर करने की साजिश है। यह विकास नहीं, विनाश है हजारों एकड़ त्रिफसली उपजाऊ सिंचित कृषि भूमि हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।




### विकास नहीं अस्तित्व पर संकट : लुकेश्वरी



खनन और फैक्ट्री का विरोध कर रहे क्षेत्र की महिला कृषक लुकेश्वरी जंघेल ने परियोजना के विरोध को लेकर कहा कि यह विकास नहीं बल्कि हमारे अस्तित्व का विनाश है। यह परियोजना लाखों ग्रामीणों की आजीविका और मानव अधिकारों पर सीधा हमला है। क्षेत्र के लिए रोजगार और विकास को लेकर कहा कि यह दावा पूरी तरह भ्रामक है। जनसुनवाई स्थगित होने के बाद भी महापंचायत और आंदोलन को लेकर कहा कि जनसुनवाई का स्थगन अंतिम समाधान नहीं है। यह केवल किसान के दबाव की जीत है। हमारी मांग स्थगन नहीं, पूरी परियोजना का स्थायी निरस्तीकरण है।

### रक्तदान शिविर भी लगेगा

किसान महापंचायत के अवसर पर आंदोलनकारी किसान और ग्रामीणों की ओर से बैठक स्थल पर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सिकलिन, थैलेसीमिया मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

### जनता के दबाव से जनसुनवाई स्थगित

आंदोलन के अगुवाई कर रहे क्षेत्र के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल का साफ शब्दों में कहना हैं कि यह परियोजना ग्रामीणों की आजीविका, स्वास्थ्य और मानव अधिकारों पर सीधा और क्रूर प्रहार है।



जनसुनवाई स्थगित होना कोई उपलब्धि नहीं यह जनता के दबाव की जीत है। जनसुनवाई का स्थगन इस बात का प्रमाण है कि सरकार और प्रशासन को ग्रामीणों की एकजुट ताकत का अहसास है। जनपद सभापति सुधीर गोलछा का स्पष्ट कहना है की स्थगन नहीं, स्थायी निरस्तीकरण चाहिए। समझौता किसी भी कीमत पर नहीं करेंगे। वही श्रवण जंघेल, कामदेव जंघेल और मुकेश पटेल सहित ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी कीमत पर खनन कार्य शुरू नहीं होने देंगे।

# पान उत्पादकों का अध्ययन भ्रमण, खेती को मिलेगी ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

क्षेत्र में पान की उन्नत खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से छुईखदान के 6 पान उत्पादक कृषकों का 19 से 25 दिसंबर के बीच जबलपुर एवं छतरपुर का अध्ययन/एक्सपोज़र भ्रमण आयोजित किया जा रहा है।

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय और पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान के तत्वावधान में पान बरेज भ्रमण कार्यक्रम के तहत 19 से 26 दिसंबर तक जबलपुर मंडला पनागर पान उमरिया पन्ना टिकमगढ़ महाराजपुर गढ़ी मलारिया छतरपुर आदि स्थानों का दौरा बीके असाटी प्रोफेसर एग्रीकल्चर कॉलेज संजय महोबिया दुर्गा साहू सजे लाल जघेंल कुश महोबिया पवन महोबिया दुर्ग एवन अन्य बलराम कौशल सिताडबरी द्वारा किया जाएगा। यह भ्रमण अनुसंधान केंद्र के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कृषक आधुनिक तकनीकों, उन्नत प्रबंधन पद्धतियों तथा शेडनेट हाउस में पान उत्पादन के सफल मॉडलों का प्रत्यक्ष अध्ययन करेंगे।




### कृषकों की आय में होगी बढोत्तरी

भ्रमण के दौरान शेडनेट हाउस में रोपण हेतु 20,000 उन्नत पान रोपण सामग्री का क्रय भी किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, रोग-प्रतिरोधक क्षमता और उत्पादकता में वृद्धि होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव और तकनीकी ज्ञान से छुईखदान क्षेत्र में पान की खेती को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और कृषकों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का मार्ग प्रशस्त होगा।

# रबी फसल से खेतों में फिर छाई हरियाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

धान कटाई के बाद रबी फसल की बोआई अब अंतिम चरण पर है। लगभग नब्बे फीसदी रबी फसल की बोआई हो चुकी तथा खेतों में फिर से हरियाली छाने लगी है। चना, गेहूं, मसूर, अरहर सभी फसल अब तक बेहतर स्थिति में बताया जा रहा है।

बीते तीन चार साल से चना की पैदावार में कमी तथा मौसम के उतार चढ़ाव में फसल जल्दी प्रभावित हो जाने के कारण इस बार ज्यादातर कृषक गेहूं की फसल में दिलचस्पी दिखाएं है।

अन्य वर्षों की अपेक्षा इस बार चना की फसल बोआई का रकबा घटा है तथा एक बड़े रकबे पर गेंहू फसल की बोआई किया है। खेतों में चना, गेहूं सभी के पौधे निकल आए है। जिससे हरियाली फिर छा गई है। कोहरे एवं धुंध की वजह से फसलों में कीट प्रकोप बढ़ने की आशंका के चलते किसान दवा की छिड़काव कर रहें हैं।

### फसल बीमा में आई तेजी

रबी फसल का बीमा कार्य जारी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिऐ किसान चना, गेहू, मसुर आदि फसल का बीमा करा रहें हैं। ऋणी किसान सोसायटी में तथा अऋणी कृषक आनलाईन एवं बैंक के माध्यम से फसल बीमा करा रहें हैं। सभी फसल के अलग-अलग प्रीमियम दर निर्धारित है। कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों को बीमा कराने के लिऐ प्रेरित कर रहें हैं, ताकि मौसम परिवर्तन में फसल खराब होने पर सुरक्षा मिल सकें। क्षेत्र के सभी सोसायटी में अब तक पचास फीसदी किसानों ने फसल का बीमा करा लिया।

### समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

सरकार द्वारा इस बार भी धान फसल की तरह दलहन तिलहन फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदा जायेगा। जिसके लिए फसलों के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया गया है। जानकारी अनुसार चना 5650 रूपये प्रति क्विंटल, अरहर 800 रूपये, मसुर 6700 रूपये, सरसों 5950 रूपयें, मूंग 8768 रूपये, उड़द 7800, सोयाबीन 5328 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जायेगा।

## गंडई के खुशरो मैदान में जिला पंचायत कप का भव्य समापन

# क्रिकेट में भिलाई और भुलाटोला ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

स्थानीय वार्ड क्रमांक 6 स्थित खुशरो मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया, जब मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित जिला पंचायत क्रिकेट कप का फाइनल मुकाबला खेला गया।

रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट के इस महाकुंभ में शहरी वर्ग में बालाजी 108 भिलाई और ग्रामीण वर्ग में भुलाटोला ने खिताब अपने नाम कर जीत का डंका बजाया।

शहरी वर्ग के हाई-वोल्टेज फाइनल मुकाबले में बालाजी 108 भिलाई ने केके एकता भोपाल को एकतरफा शिकस्त दी। भिलाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 92 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में भोपाल की टीम भिलाई की कसी हुई गेंदबाजी के सामने महज 65 रनों पर सिमट गई। विजेता टीम को एक लाख रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं उपविजेता भोपाल को 50 हजार रुपये से नवाजा गया। शानदार खेल दिखाने वाले अविनाश को समाजसेवी अनिल जैन की ओर से मैन ऑफ द सीरीज के रूप में एलईडी टीवी दी गई।




### इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका

टूर्नामेंट के सफल संचालन में संरक्षक खम्हन ताम्रकार व सुधांशु यादव के मार्गदर्शन में कौशल राजपूत, झा महाराज, छत्रपाल नेताम, हरिसेन, ललित निषाद, सोम ठाकुर, भुवन रजक, गणेश यादव, सोनाली यादव, श्रीकेश नेताम, भीखम यादव, कृष्णा और क्लब के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मैच के दौरान प्रिंकेश कश्यप व बलराम नेताम ने अंपायरिंग और रिखी राम धुर्वे ने अपनी कमेंट्री से दर्शकों का दिल जीत लिया।

**भुलाटोला की बादशाहत कायम** — 18 दिसंबर को ग्रामीण वर्ग के कड़े संघर्ष में भुलाटोला की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी जीत दर्ज की। विजेता भुलाटोला को 30 हजार रुपये, जबकि उपविजेता मॉर्निंग क्रिकेट क्लब को 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। सेमीफाइनल मुकाबलों में धनोरा, गंडई और ढाबा जैसी दिग्गज टीमों ने भी पसीना बहाया।

### तकनीक और उत्साह का संगम, मैदान पर उमड़ी भीड़

इस टूर्नामेंट की सबसे खास बात इसकी भव्य व्यवस्था रही। हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मैदान में बड़ी स्क्रीन (एलईडी) लगाई गई थी। साथ ही, तकनीक का लाभ उठाते हुए आयोजन का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाइव प्रसारण किया गया, जिसका लुत्फ सैकड़ों लोगों ने घर बैठे अपने मोबाइल पर उठाया।

### आरिफ़ गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होंगे सम्मानित



**छुईखदान।** भारत सरकार द्वारा संचालित पैक्स कंप्यूटरीकरण योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, गोपालपुर का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। यह चयन जिले एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। चयनित समिति के प्रतिनिधि के रूप में समिति के सहायक प्रबंधक मो. आरिफ़ खान को उनके जीवनसाथी उजमा परवीन के साथ 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। भारत सरकार द्वारा यह आमंत्रण पैक्स कंप्यूटरीकरण योजना के अंतर्गत गोपालपुर सोसाइटी द्वारा किए गए तकनीकी नवाचार, पारदर्शिता, डिजिटल लेन-देन, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे कार्यों के मूल्यांकन के पश्चात प्रदान किया गया है।

हरिभूमि 24th YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र हरिभूमि के सफलतम 24 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

L5 श्रेणी में आ गया और छा गया
विश्वसनियता एवं मजबूती की गारंटी के साथ

# सिटी लाईफ ई-रिक्शा

मात्र **2.6 लाख** रुपए में आसान फायनेंस सुविधा उपलब्ध

6+1 सात सवारी क्षमता पासिंग
हाई स्पीड मोड की पहली 7 सीटर ई रिक्शा




डबल पट्टे में मजबूत

# ई लोडर

व्यापार के लिए अनुकूल
सर्विस एवं पार्ट्स हेतु हम प्रतिबद्ध हैं

ZEOFINE-E रिक्शा एवं लोडर

ज्यादा चलाएं... ज्यादा कमाएं...

ALLFINE-E RIKSHA

3 गेयर बटन के साथ 40 KM की टॉप स्पीड के साथ 8 वर्षों से विश्वास पर खरा

**20,000** रुपए की विशेष छूट

# गणेश ट्रेडिंग
रामाधीन मार्ग

7999898741
7000470280

चौकी, चिचोला, डौंडी लोहारा एवं खैरागढ़ में भी सर्विस सेंटर एवं पार्ट्स उपलब्ध है

## सार समाचार

### सुशासन सप्ताह शुरू, 25 तक शिविर

**राजनांदगांव।** जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना एवं शासकीय योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए नगर स्तर पर ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के कलस्टर में विशेष शिविरों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को जनसामान्य तक सुगमता से पहुंचाने एवं सार्वजनिक शिकायतों का विशेष शिविरों में निराकरण किया जाएगा। क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को आमंत्रित करते नियुक्त नोडल अधिकारी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों की शिकायत एवं मांग के आवेदनों को एकत्रित कर तत्काल संबंधित विभागों को वितरित करेंगे तथा परीक्षण कर समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई बाबा की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में हिंदू जागरण मंच ने गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने गुरू



घासीदास के जीवन और उनके संदेशों को याद किया। गुरू घासीदास एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई थी। हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने कहा कि गुरू घासीदास के उपदेश और जीवन आचरण समाज को सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने नंदई चौक स्थित भवन में बाबा गुरु घासीदास को माल्यार्पण किया और मनखे-मनखे एक समान का नारा लगाया। हिंदू समाज को एकजुट करने में बाबा गुरू घासीदास ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के सदस्य सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, मौसमी शर्मा, प्रभात गुप्ता, मनोज गोलछा, हरीश भानुशाली, महेंद्र जघेल, जैकी सोनकर, हेमंत कश्यप, रिंकू तिवारी, गोविंद जोशी, आशीष टिंकू एवं अन्य हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय संगोष्ठी 21 को

**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव के तत्वावधान में साहू धर्मशाला बुधवारीपारा डोंगरगढ़ में 21 दिसंबर को दोपहर 11 बजे जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित है। बताया गया कि जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव महासभा के मुख्य अतिथि में जिला स्तरीय संगोष्ठी का कार्यक्रम साहू धर्मशाला बुधवारीपारा डोंगरगढ़ में रखा गया है। उक्त जानकारी जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव के जिला महामंत्री महेश कुमार यादव ने दी।

### वित्तीय साक्षरता विषय पर ऑनलाइन वेबिनार

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा "वित्तीय साक्षरता" विषय पर एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता द्विजेन दत्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। सही आर्थिक निर्णय, बचत की आदत और निवेश की समझ से ही विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बना सकते हैं।

मुख्य वक्ता द्विजेन दत्ता एसवी वेल्थ पार्टनर्स ने आज के बदलते आर्थिक वातावरण में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बचत, निवेश, वित्तीय योजना एवं जोखिम प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। जिससे विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में आर्थिक निर्णय लेने की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। संस्था के निदेशक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने इस आयोजन की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के श ैक्षणिक एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस वेबिनार में महाविद्यालय के लगभग सौ विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

### ख्रिष्ट जयंती : क्रिसमस रैली आज

**राजनांदगांव।** प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस पर राजनांदगांव के मसीही समुदाय द्वारा 35 वर्षों से लगातार किसमस रैली निकाली जा रही है। इस वर्ष भी पासबानों के निर्णय अनुसार कल 20 दिसंबर को मसीह समाज द्वारा भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है।

वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह डॉ. सुमन लाल ने बताया कि उक्त रैली शांतिपूर्ण एवं सदभावना पूर्वक निकाली जाएगी। रैली स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव के प्रांगण से संध्या समय 6 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के मुख्य मार्ग कामठी लाइन, भारत माता चौक, पुराना थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर बौक, सिनेमा लाइन, गुडाखू लाइन, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए चर्च कैम्पस के प्रांगण में समाप्त होगी। इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस पर प्रवचन दिया जाएगा एवं इस रैली में मसीही गीत गाये जाएंगे। इस रैली में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड, मसीही मंदिर चर्च गौरीनगर, मसीह आराधनालय, सेंट जॉन द वैप्टीस चर्च, मेनोनाईट चर्च, मारथीमा चर्च, सिरियन आरर्थोडॉक्स चर्च, न्यु अपोस्टिलिक चर्च, एसेम्बली ऑफ गॉड, चर्च ऑफ गॉड, इंडियन फूल गॉस्पल मिशन, मसीही ग्रामीण कलीसिया, रहबोत किश्चियन असेम्बली, किश्चियन असेम्बली, आईसीएम, गिडियन इंटरनेशनल, राजनांदगांव, वेसलियन चर्च स्कूल परिसर, इंडियन पेन्टीकॉस्टल चर्च, आशानगर से मसीही समाज के अनुयायी शामिल होंगे।

# नेशनल हेराल्ड मामले में बिफरी कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ईडी के दुरूपयोग मामले में भाजपा कार्यालय घेराव का आयोजन किया गया। कांग्रेस के इस आह्वान के बाद पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने के लिए तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की हुई थी। जगह-जगह बैरिकेड लगाकर रास्तों को बंद कर दिया गया था।

कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की नेशनल हेराल्ड मामले में दायर की गई चार्जशीट का संज्ञान लेने से मना कर दिया। इसको लेकर कांग्रेस ने अब इस मामले में केंद्र की मोदी सरकार को घेरते हुए ईडी के दुरूपयोग का आरोप लगाया और आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में ईडी कार्यालय का बोर्ड लगाने का ऐलान करते भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान शहर के अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तिराहे के समीप शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव और अन्य वरिष्ठ कांग्रेसियों ने संबोधित करते केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा। पूरे प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

**भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसियों को जगह-जगह बेरिकेटिंग लगाकर रोका**

#### कार्यकर्ताओं में रहा उत्साह

प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आया। अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक पर बना पहला बैरिकेड तोड़ते हुए महिला कार्यकर्ता दूसरा बेरीकेट तोड़ने तेजी से आगे बढ़ी। वहीं महिला कार्यकर्ता फ्लाईओवर मार्ग से होते हुए भाजपा कार्यालय के नजदीक लगे बैरिकेड तक पहुंच गई। महिला कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई और पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल भी यहां पहुंचकर सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।





#### पांच जगह बैरिकेडिंग

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। पुलिस विभाग ने पांच अलग-अलग जगह बैरिकेडिंग करते भाजपा कार्यालय तक पहुंचने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था। यहां पर पैदल भी नहीं पहुंचा जा सकता था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के पास लगे पहले बैरिकेडिंग को तोड़ते आगे बढ़े, जहां पर विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय की बाउंड्रीवालों के समीप दूसरे बैरिकेडिंग में कांग्रेसियों को रोका गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन करते दूसरे बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान लगाए गए टीन शीट और बांस को भी उखाड़ दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से कांग्रेसियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने कहा गया।

## फैक्ट्री में मिली गंदगी, लाईसेंस सस्पेंड

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दी दबिश साढ़े चार सौ किलो नकली पनीर नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप पनेका क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई करते साढ़े 4 सौ किलो नकली पनीर बरामद कर उसे नष्ट कराया है। पनेका स्थित रौनक एंटरप्राइजेज में दबिश देते हुए टीम ने यहां नकली पनीर का निर्माण पाया और इस पर त्वरित कार्रवाई करते जेसीबी की मदद से फैक्ट्री परिसर में ही एक गड्ढा कर नकली पनीर के नष्टीकरण की कार्रवाई की है।

रौनक एंटरप्राइजेज में सुरभि स्पंज के नाम से यह नकली पनीर बनाया जा रहा था, जिसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते नकली पनीर को नष्ट कर दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जब यहां पहुंची तो यहां नकली पनीर का निर्माण कार्य जारी था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को यहां नकली पनीर बनाए जाने की शिकायत भी मिल रही थी। जिसके मद्देनजर छापेमार कार्रवाई की गई।



#### मिल्क केक और कलाकंद का लिया गया सैंपल

खाद एवं औषधि विभाग द्वारा यहां कोल्ड स्टोरेज में रखे सभी नकली पनीर को नष्ट कराया गया। वहीं मिल्क केक, खोवा और कलाकंद का सैंपल लेकर इसे जांच के लिए लैब भेजा गया है।

#### फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित

फैक्ट्री परिसर में गंदगी के मामले को लेकर 15 दिन के लिए फैक्ट्री का लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया गया है। इस फैक्ट्री में लंबे समय से नकली पनीर निर्माण किए जाने की शिकायत मिल रही थी। वहीं गंदगी के बीच खाद्य सामग्री का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इसकी शिकायत रायपुर खाद्य औषधि प्रशासन में की गई। जिसके बाद यहां पर संयुक्त टीम ने छापेमारी कार्रवाई की है।

#### मामूली जुर्माना, खानापूर्ति

शहर में इससे पहले भी नकली पनीर को लेकर शिकायत आ चुकी है, लेकिन खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों पर मामूली जुर्माना लगाया गया। वहीं अब बड़े पैमाने पर सैकड़ों क्विंटल नकली पनीर बरामद कर इसे नष्ट करने का यह पहला मामला है, जिस पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता भी दिखाई दे रही है।

#### पाम तेल और दूध पावडर से बन रहा था पनीर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी आशीष यादव ने बताया कि यहां पाम तेल और दूध पावडर को मिलाकर नकली पनीर बनाया जा रहा था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहीं इस फैक्ट्री परिसर में काफी गंदगी भी पाई गई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस फैक्ट्री में बने साढे चार सौ किलो नकली पनीर जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपए है, इसे नष्ट किया गया है।

## पेंड्री वार्ड में गुरु घासीदास जयंती पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सतनामी सेवा समिति पेंड्री वार्ड क्रमांक 20 में परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की 269वीं जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समाज के अध्यक्ष अजय रात्रे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथि डॉ. प्रकाश खूंटे, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गुलाब चंदेल एवं करन कोसर, उपाध्यक्ष रामविलास जोशी, भूपेंद्र महिपाल, डोमेन्द्र खरे, गोपी टंडन, पंकज लहरे, भावेश खरे, पवन साय सहित अन्य लोग शामिल हुए।

आयोजन में ग्राम मंडला वालों ने पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी एवं कार्यक्रम में नन्ही बालिका द्वारा वीर बलिदानी बाबा बालक दास की अवतार में अश्व में विराजमान होकर शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में महापौर ने सतनाम भवन में गट्टू एवं टिन शेड लगवाने के लिए स्वीकृति प्रदान की, जिस पर सतनामी सेवा समिति ने आभार व्यक्त किया।

## वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रॉयल किड्स कान्वेंट में 42वां वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह, मां जी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह, फाउंडर डॉ. जेबी सिंह को 1 मिनट की श्रद्धांजलि देते मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।



कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेल, सह-पाठयक्रमीय गतिविधियों तथा अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मंच से विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणामों की जानकारी दी गई तथा श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी सराहना की गई। विद्यालय की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, आनंद बहादुर सिंह, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जनमेजय बहादुर सिंह, टीएस बग्गा, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते विद्यालय की उपलब्धियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सफलताओं और वर्षभर संचालित विविध गतिविधियों का उल्लेख किया। अमेरिका से पधारे अतिथि मयंक सिंह एवं राशि सिंह ने कहा कि विद्यालय द्वारा बच्चों को दी जा रही समग्र शिक्षा आज के समय की प्रमुख आवश्यकता है।

## छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन 21 से

- देश की 12 नामी टीमें होंगी शामिल

**राजनांदगांव।** रूद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन शहर के चिखली स्कूल मैदान में 21 से 28 दिसंबर तक किया जाएगा। 8 दिवसीय इस अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में देश के कई राज्यों से 12 नामी टीमों के बीच मुकाबला होगा। आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता लीग कम और



नॉकआउट पद्धति से खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31000 नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं उपविजेता टीम को 21000 की नगद राशि दी जाएगी।

#### स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

इस टूर्नामेंट में 50 प्रतिशत टीमें छत्तीसगढ़ से और 50 प्रतिशत टीमें अन्य राज्यों से रखी गई है। इस अनोखे फार्मूले से प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव, अमरावती एकादश महाराष्ट्र, आरके रॉय हॉकी अकादमी पटना बिहार, भोपाल एकादश मध्यप्रदेश, सेल हॉकी अकादमी, राउरकेला, तमिलनाडु एकादश, मेंघबरन सिंह हॉकी अकादमी गाजीपुर यूपी, स्टेट खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बिलासपुर, जिला हॉकी संघ कवर्धा और दुर्ग, झारखंड एकादश की टीम अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

## महापौर ने किया मोतीपुर स्कूल का निरीक्षण, छात्रों से लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को मोतीपुर मैदान प्रांगण स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोतीपुर के नए शाला भवन का निरीक्षण किया।

नवनिर्मित स्कूल भवन में पहुंचकर महापौर ने छात्रों से वार्तालाप किया और नई शाला में पढ़ रहे बच्चों से फीडबैक लिया। इस दौरान शाला के प्रधानपाठक एवं अन्य शिक्षकों के साथ महापौर ने स्कूल के प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्रों को फर्नीचर, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, ब्लैक बोर्ड, कम्प्यूटर, सफाई व्यवस्था, प्रसाधन आदि के संबंध में जानकारी ली। सभी छात्रों ने शाला की व्यवस्था को उत्तम बताया एवं किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई।

महापौर ने छात्रों को स्कूल में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने हिदायत दी और शाला स्टाफ को बच्चों को कम्प्यूटर एवं ई-लर्निंग के माध्यम से अध्यापन कराने पर जोर दिया। महापौर के साथ पार्षदगण मनोहर यादव, कमलेश बंधे, सावन वर्मा, मदन यादव, किशुन यदु,



चंदन राजपूत, लोकेश जैन, डॉ. राघव वर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर ने शाला के किचन शेड भवन का भी मुआयना किया एवं निगम स्टाफ को किचन शेड के पीछे बाउंड्रीवॉल निर्माण करने एवं किचन शेड में पेयजल आपूर्ति हेतु नल कनेक्शन लगाने आदेशित किया। इससे पूर्व महापौर ने मैदान परिसर स्थित अन्नपूर्णा सेवा केन्द्र द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही निगम अमले को प्रसाधन कक्ष एवं भवन मरम्मत कार्यों के लिए निर्देशित किया।

तत्पश्चात महापौर ने मोतीपुर मैदान में नगर निगम द्वारा आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उद्घाटन किया।

## सोमनी में जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

# बाबा गुरु घासीदास ने समाज को दिखाई नई राह: रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मिनीमाता बाजार चौक सोमनी में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष ने गुरू घासीदास बाबा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद लिया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने गुरू घासीदास बाबा जयंती के अवसर पर ग्राम सोमनी में अटल सद्भावना भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए और मॉडल जैतखाम निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास का सफेद ध्वज शांति, सद्भावना, भाईचारा एवं एकता का प्रतीक चिन्ह है।

उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने समाज को एक नई राह दिखाई है। बाबा गुरू घासीदास ने समाज को जोड़ने का कार्य किया है। इसी उद्देश्य को लेकर उनका अवतरण हुआ था। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा के आशीर्वाद से देश और प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और विकास के कार्य तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। बाबा गुरू घासीदास के



जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखाम, सड़क और विकास के अनेक कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डॉ. दादूलाल जोशी ने दिया। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, सरपंच नीलिमा साहू, सतनामी समाज अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, सतनामी समाज के सचिव अश्वनी बांधे, रोहित चंद्राकर, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में सतनामी समाज एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

शहर सतनामी समाज राजनांदगांव द्वारा 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती भव्य एवं धूमधाम से मनाई गई। आकर्षक साज-सज्जा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सतनाम रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में रायपुर बालिका अखाड़ा द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन एवं बालिका पंथी पार्टी लाखोली की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में घासीदास के मानवता, समानता एवं सत्य के संदेशों पर प्रकाश डालते उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य लोग अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नरेंद्र राय, उपाध्यक्ष पारस चंदानिया व मनीष भारती, महामंत्री खिलेश बंजारे, कोषाध्यक्ष किसान जोशी, सचिव राज खरे, सह-सचिव दिनेश लहरे सहित संरक्षक कृष्णा बघेल, कांतिलाल टंडन, अजय बर्मन, विनोद गेंद्रे तथा क्रेम पात्रे, कांती टंडन, बाबला गेंद्रे, मयंक कुर्रे, भूषण टोंडे, कितां शबंजारे, चेतन टंडन एवं कृष की विशेष सहभागिता रही।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| सेल्समैन | | |
|---|---|---|
| | 1. खैरागढ़ 3 पद | 4. गण्डई 3 पद |
| | 2. जालबांधा 2 पद | 5. छुईखदान 3 पद |
| | 3. घुमका 2 पद | 6. साल्हेवारा 2 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
9977184777, 8120006476, 9406011166

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025



## ठिठुरन से कंपकपाया अंचल, शीतलहर का येलो अलर्ट, धुंध से घटी विजिबिलिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिसका सीधा असर सेहत पर देखने को मिल रहा है। अलसुबह कोहरे की वजह से विजिबिलीटी भी घट गई है। जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। जिसको देखते हुए प्रदेशभर में यातायात विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाईजरी जारी कर ठंड से सुरक्षित रहने कहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अंचल को लेकर शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि एक राहत भरी खबर यह है कि उसके बाद अगले पांच दिनों में तापमान में वृद्धि का दौर देखने को मिल सकता है। इधर मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विदेश परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस समय प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंड उत्तरी हिस्से में पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें। इधर मौसम विभाग के अनुसार कोहरा और ठंड के कम होने में अभी चार से पांच दिन का समय लग सकता है। जब तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है।

### अंचल का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पहुंचा, अलसुबह कोहरा से हादसे की आशंका बढ़ी

**तापमान में दिख रहा अंतर**

अंचल में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर लोगों को बीमार कर रहा है। इसका असर सिर्फ बच्चों पर ही नहीं, बल्कि युवा और बुजुर्गों पर भी दिखने लगा है। वहीं अगले कुछ दिन तापमान में बदलाव की संभावना भी कम जताई गई है।



**दो जिलों के लिए अलर्ट**

मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए अलर्ट में राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला शामिल है। दोनों ही जिले में 19 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। जिसका असर भी अंचल में देखने को मिल सकता है।

**धुंध में धीमी चलाए गाड़ी**

अंचल में अलसुबह कोहरा देखने को मिल रहा है। जिससे दृश्यता भी घटी है। देश के अन्य हिस्सों में कोहरे की वजह से हो रहे हादसे को देखते हुए परिवहन विभाग ने अपील जारी करते लोगों से कहा है कि वाहन कोहरे के दौरान धीमे चलाए। अपनी हेडलाइट्स चालू करें और उन्हें लो बीम मोड में रखें। अपनी फॉग लैंप और पार्किंग लाईट चालू रखें। डिफ्रोस्टर और विंडस्क्रीन वाईपर का उपयोग करें।

## एसआईआर: 55 हजार लोगों के फार्म नहीं आए, 18221 वोटर को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दर्जनभर राज्य में पिछले डेढ़ महीने से जारी एसआईआर की प्रक्रिया का पहला चरण अब समाप्त हो गया है। जमा किए गए गणना प्रपत्र को डिजिटिल्ज़्ड भी किया जा चुका है। जिले में करीबन 7 फीसदी यानी 55 हजार मतदाताओं के फॉर्म नहीं जमा हुए। इतने मतदाता जिले में घट गए हैं। हालांकि अब भी इन मतदाताओं के पास दावा-आपत्ति का समय है। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद 21 फरवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

इधर प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म-6 भरकर फिर से नाम जुड़ा सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक माह का समय मिलेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 23 दिसंबर से शुरू हो जाएगी, जो 22 जनवरी तक चलेगी। ऐसे मतदाता बीएलओ के पास फार्म-6 भरकर उसके साथ आवश्यक दस्तावेज लगाकर पुनः नाम जुड़ा सकते हैं। 21 फरवरी को होने वाले अंतिम प्रकाशन वाली सूची में ऐसे पात्र मतदाताओं के नाम शामिल किए जा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने अक्टूबर में ही मतदाता सूची को अपडेट कराया था। चार नवंबर से घर-घर सर्वे के दौरान इन्हीं मतदाताओं को गणना पत्रक बांटा गया था। दूसरी बार समय-सीमा में वृद्धि के बाद 18 दिसंबर तक 2300 फार्म जमा हो गए। 23 दिसंबर को प्रकाशित की जाने वाली प्रारंभिक सूची में लगभग 7.80 लाख मतदाताओं के नाम होंगे।

**शुद्धिकरण प्रक्रिया चल रही**

जिले से कुल 55 हजार 700 मतदाता ऐसे हैं, जो घर पर नहीं मिले या जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं है। हालांकि दावा-आपत्ति की अवधि में पात्र लोग आवश्यक दस्तावेज देकर अपना नाम जोड़ सकते हैं। उसका निराकरण करने के बाद ही अंतिम प्रकाशन होगा। एसआईआर की प्रक्रिया के तहत पहले चरण के तहत गणना प्रपत्र जमा करने के बाद अब 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद दावा-आपत्ति का दौर शुरू होगा। 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया चलेगी। 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

**आज से एसआईआर का दूसरा चरण**

अक्टूबर में जिले की मतदाता सूची में जो आठ लाख 35 हजार 910 मतदाता थे, इनमें से 55 हजार 700 के नाम कट गए। सबसे अधिक लगभग 20 हजार नाम राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कटे हैं। इनमें 15 हजार 500 वोटर्स ऐसे हैं, जो दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। साथ ही 2900 के नाम एक से अधिक स्थानों पर थे। मृत्यु, आधार अपडेट न होने व अन्य कारणों से भी नाम सूची से बाहर हुए हैं।

**हर विधानसभा में कटे नाम**

एसआईआर में सर्वाधिक 20 हजार नाम राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कटे हैं। राजनांदगांव विस में 217958 वोटर थे। जिनमें 197387 के ही फार्म आए हैं। प्रशासन का दावा है कि नाम कटने वालों में दूसरी जगह शिफ्टिंग, एक से अधिक जगह पर नाम और मृत्यु हो चुके लोगों की संख्या अधिक है। डोंगरगढ़ में लगभग 13 हजार 400, डोंगरगांव में लगभग 10400 और खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 11 हजार 200 मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हुए हैं।

**सी श्रेणी वालों को मिलेगा नोटिस**

बताया गया कि एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने के बाद फार्म को तीन भाग ए, बी और सी में बांटा गया है। सी श्रेणी में रखे गए मतदाताओं के गणना प्रपत्र तो सही मिले हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने और उनके माता-पिता के वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित दस्तावेजों की जांच करना बाकी है। सी श्रेणी वाले मतदाता जिन्होंने 2003 की मतदाता सूची में अपना, अपने माता-पिता या परिवार के किसी भी रिश्तेदार के मतदाता सूची से संबंधित जानकारी फार्म के साथ जमा नहीं कर पाए हैं। एसआईआर गणना प्रपत्र भरने की अंतिम तारीख खत्म होने के साथ इन सभी मतदाताओं को एसडीएम नोटिस जारी करेंगे।

## मंडी में घटिया निर्माण, जांच के बाद ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड

### घटिया निर्माण के चलते रिषभ कंस्ट्रशन पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर इलाके में स्थित कृषि एवं सब्जी मंडी में सवा करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जांच टीम ने यह पाया कि उक्त ठेकेदार द्वारा निर्माण में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही थी। जिसके चलते उसको ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने बसंतपुर कृषि मंडी में 1.27 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे डामरीकरण में भ्रष्टाचार को लेकर गंभीरता से मामला उठाया था। जिसके बाद जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच टीम का गठन कर दिया था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उक्त ठेकेदार द्वारा निर्माण के अल्प अवधि पश्चात कई स्थानों पर सील कोट सरफेस उखड़ने लगा था। बीएम ग्रेडेशन मानक से विचलित पाया गया। टीएस अनुसार सीलकोट टाईप ए बीटूमिन से किए जाने का प्रावधान है, लेकिन उक्त ठेकेदार द्वारा टाइप बी बीटूमिन का उपयोग किया जा रहा था। प्राक्कलन में गैर उल्लेखित आईटम को माप पुस्तिका में दर्ज किया गया। इन सभी अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन ने रिषभ कंस्ट्रशन को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

## जयंती पर बिका मांस भड़का सतनामी समाज



**डोंगरगांव**। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू घासीदास बाबा की जयंती के दिन शहर में खुलेआम मांस मटन के विक्रय के मामले को सतनामी समाज ने गंभीरता से लिया है। सामाजिक जनों ने कृत्य की निंदा करते हुए शुक्रवार को एसडीएम और थाना में ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा पार्षद राजा जैन ने भी मामले की उच्च स्तरीय शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 18 अगस्त 2022 को जारी आदेश के तहत गत 18 दिसंबर को सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा घासीदास जयंती के मौके पर नगर सीमा में पशुवध गृह, मांस, मटन, मछली और अंडा के विक्रय को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश जारी करने के बाद इस कारोबार की निगरानी नहीं करने के बाद शहर में मांस, मटन आदि की दुकानें न सिर्फ खुली रही बल्कि विक्रय भी हुआ। प्रतिबंध के बाद मांस मटन आदि के विक्रय के मामले को ब्लॉक सतनामी समाज सेवा समिति ने काफी गंभीरता से लिया है।


**समाज ने जताया विरोध :** सतनामी समाज के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को काला कोट पहनकर एसडीएम कार्यालय और थाना पहुंचे और इस घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांस की बिक्री को आदेश का उल्लंघन बताया साथ घटना को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया।

## रबी फसल से खेतों में फिर छाई हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान कटाई के बाद रबी फसल की बोआई अब अंतिम चरण पर है। लगभग नब्बे फीसदी रबी फसल की बोआई हो चुकी तथा खेतों में फिर से हरियाली छाने लगी है। चना, गेहूं, मसूर, अरहर सभी फसल अब तक बेहतर स्थिति में बताया जा रहा है।

बीते तीन चार साल से चना की पैदावार में कमी तथा मौसम के उतार चढ़ाव में फसल जल्दी प्रभावित हो जाने के कारण इस बार ज्यादातर कृषक गेहूं की फसल में दिलचस्पी दिखाएं है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस बार चना की फसल बोआई का रकबा घटा है तथा एक बड़े रकबे पर गेंहू फसल की बोआई किया है। खेतों में चना, गेहूं सभी के पौधे निकल आए है। जिससे हरियाली फिर छा गई है। कोहरे एवं धुंध की वजह से फसलों में कीट प्रकोप बढ़ने की आशंका के चलते किसान दवा की छिड़काव कर रहें हैं।



**फसल बीमा में आई तेजी**

रबी फसल का बीमा कार्य जारी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिऐ किसान चना, गेहूं, मसुर आदि फसल का बीमा करा रहें हैं। ऋणी किसान सोसायटी में तथा अऋणी कृषक आनलाईन एवं बैंक के माध्यम से फसल बीमा करा रहें हैं। सभी फसल के अलग-अलग प्रीमियम दर निर्धारित है। कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों को बीमा कराने के लिऐ प्रेरित कर रहें हैं, ताकि मौसम परिवर्तन में फसल खराब होने पर सुरक्षा मिल सकें। क्षेत्र के सभी सोसायटी में अब तक पचास फीसदी किसानों ने फसल का बीमा करा लिया।

## खुदाई से टूट रही पुरानी पाइप लाइन

### पेयजल आपूर्ति हो रही प्रभावित, बढ़ रही नागरिकों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जल आवर्धन योजना के तहत नगर में बिछाई जा रही पाईप लाईन के चलते नगर में हर दिन किसी न किसी वार्ड में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। नई पाईप लाईन बिछाने के लिए हो रही खुदाई से पुरानी पाईप लाईन कही न कही टूट फूट रही है जिससे पेयजल की सप्लाई में बाधा आ रही है।

जानकारी के अनुसार जल आवर्धन योजना के तहत नगर में 35 किमी पाईन लाईन बिछाने का कार्य जारी है। गर्मी से पहले ही पाईप लाईन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। समय सीमा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग में पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। पाईप बिछाने के लिए बस स्टैंड से गांधी चौक तक खुदाई की गई है। खुदाई के बाद पाईप डाला जा रहा है लेकिन नई पाईप लाईन के चक्कर में पुरानी पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो रही है जिसकी मरम्मत करने में एक दिन का समय लग रहा है जिससे पानी आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पिछले दिनों बजरंग चौक, गांधी चौक, डॉ आम्बेडकर चौक में पाईप लाईन टूटने से जलापूर्ति प्रभावित रही।



**सभी 15 वार्डों में बिछेगी पाइप लाइन**

योजना के तहत नगर के सभी 15 वार्डो जिसमे कान्हे व मेरेगांव भी शामिल है में नई पाईप लाईन बिछाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नागरिको को भरोसा दिलाया कि सभी वार्डो में बिना भेदभाव के कार्य कराया जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नागरिको को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

**धूल- कीचड़ से परेशानी**

पाईप लाईन के क्षतिग्रस्त होने के बाद पानी बहने से सड़क पर कीचड़ हो रही है।वहीं खुदाई के बाद निकली मिटटी के फैलने से व्यापारियो एवं सडक किनारे के निवासियों को धूल का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड के दुकानदार पखवाडे भर से धुल और कीचड़ से परेशान हैं। बजरंग चौक निवासी राजकिशोर गुप्ता, बिसाहूदास मानिकपुरी, सत्यम बाजपेयी, मिक्की खंडेलवाल, गोलू द्विवेदी, मनीष शाह ने व्यापारियों एवं नागरिकों को राहत दिलाने की मांग की है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पक्के आवास ने बुधिया बाई के जीवन में लाया स्थिरता और सम्मान का उजियारा

**हरिभूमि कवर्धा।** परिवार जीवन की वह गाड़ी है जिसकी दो मुख्य कड़ी है पति और पत्नी। इनमें से किसी एक का साथ छूट जाने पर दूसरे के कंधों पर संघर्ष दोगुना हो जाता है। ऐसी ही परिस्थितियों में वर्षों तक पक्के घर का सपना संजोकर रखने वाली श्रीमती बुधिया बाई अब अपने नए आवास को देखकर भावुक हो उठती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुखिया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है क्योंकि इनके प्रयासों से आवास का सपना पूरा हुआ है।

# टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल ने जीता फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में प्रथम वर्ष प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया गया, जिसका शुभारंभ 16 नवंबर रविवार को किया गया। जिसमें अभ्युदय स्कूल विरुद्ध श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच गया, जिसमे आरपीएस की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से 8 ओवर के मैच में 176 रन बनाए, जिसमे उमाशंकर साहू ने कप्तानी पारी खेलते हुए 12 छक्कों के मदद से 78 रन एवं अखिलेश शर्मा ने 16 बाल में ही 9 छक्कों के मदद से 58 रन बनाकर टीम का स्कोर बढ़ाने में अपना अहम योगदान दिए। जिसके जवाब में अभ्युदय स्कूल ने बैटिंग करते हुए मात्र 114 रन ही बना पाए, जिस पर विपिन वैध ने शानदार बैटिंग किया और 65 रन बनाए परन्तु अभ्युदय की टीम को फाइनल मुकाबले में 64 रन से हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ आरपीएस के टीम ने अपने शानदार बॉलिंग, फील्डिंग और बैटिंग के मदद से प्रथम वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता मे विजयी रहे। एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता बहुत ही शानदार सफल रहा जिससे प्राइवेट स्कूल के टीचर्स को एक प्लेटफार्म मिला जिसमें सभी शिक्षकों ने अपना टैलेंट का प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता का आनंद लिए, वही इस प्रतियोगिता में श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम, अभ्युदय स्कूल द्वितीय तथा अशोका पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### विजयी प्रतिभागियों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया



इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अध्यक्षता गणेश तिवारी अध्यक्ष प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी, विशिष्ट अतिथि गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक सांसद लोकसभा राजनांदगांव क्षेत्र, जयराम सांसद प्रतिनिधि, पार्षद दीपक सिन्हा, हरीश साहू के गरिमामयी उपस्थिति में सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया साथ ही बेस्ट बेस्टमेन विपिन वैध, बेस्ट फील्डिंग दीपक, बेस्ट बॉलर अखिलेश शर्मा और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला इसके साथ ही सभी अतिथियों द्वारा सभी शिक्षकों को बधाई प्रेषित की।

## सौगात : अधोसंरचना निर्माण कार्यों से जन-जन का विकास हमारा संकल्प

# विधायक भावना ने 3.67 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से पंडरिया विधानसभा को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, वहीं क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग भी पूरी हो रही है। इसी कड़ी में आज एक और बहुप्रतीक्षित मांग जनता की पूरी हुई जिसका विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा भूमिपूजन किया गया। जिस पर ग्राम पंचायत देवसरा में 2 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से होने वाले 100 सीटर कन्या छात्रावास भवन एवं 92 लाख 95 हजार रुपए लागत से ग्राम मैनपुरा और देवपुरा को जोड़ने वाली मैनपुरा हरिनाला पुल निर्माण के कुल 3 करोड़ 67 लाख 95 हजार रुपए के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो का विधायक श्रीमती बोहरा ने विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी साथ ही इस सौगात के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया।

उन्होने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में आज हमारा पंडरिया विधानसभा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। जन विश्वास से जन-जन के विकास संकल्प लेकर हम निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, व्यापार, बिजली, पानी जैसी मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार तथा विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्य आज पूरे विधानसभा में हो रहे हैं। बेटियों की शिक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण के लिए हम हर वह प्रयास कर रहें हैं, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हों। आज ग्राम पंचायत देवसरा में 100 सीटर कन्या बालिका छात्रावास के भूमिपूजन से क्षेत्र की बेटियों को सुरक्षित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा मिलेगी। इससे दूर-दराज की छात्राओं को शिक्षा जारी रखने में सहूलियत होगी, स्कूल छोड़ने की दर कम होगी और बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। यह छात्रावास बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

### पंडरिया विधानसभा निरंतर विकास पथ पर गतिमान हो रहाः विधायक



विधायक ने कहा कि 5 वर्षो तक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन में हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित रहा, विकास कार्य पूरी तरह ठप्प रहें, कानून व्यवस्था ध्वस्त थी और जनता परेशान थी। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में हमारा पंडरिया विधानसभा निरंतर विकास पथ पर गतिमान हो रहा है। एक समय था जब बारिश के मौसम में पंडरिया नगर में हरिनाला पुल न होने की वजह से कनेक्टिविटी बाधित होती थी, लेकिन भाजपा सरकार आते ही आज वहां पुल बनकर तैयार है और एक तरह से कहें तो आज उसका दूसरा फेज भी अपना आकार लेगा। ग्राम देवपुरा और मैनपुरा को जोड़ने वाली मैनपुरा हरिनाला पुल निर्माण की भी नींव आज रखी गई और जल्द ही यह काम पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्तायुक्त पूर्ण होगा, जिससे जनता को सुलभ, सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह विकास कार्य आज मुख्यमंत्री के सुशासन और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के विकास के संकल्प से पूरा हो रहा है जिसके लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### वनांचल व दूरस्थ एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास पहुंच रहा

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज पंडरिया विधानसभा में 400 करोड़ से अधिक के विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य हो रहे हैं जिसमें से कई कार्य पूर्ण और कुछ कार्य पूर्णतः की ओर हैं। हाल ही में अनुपूरक बजट 2025-26 में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला से बिशेसरा पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के सड़क फोर-लेन एवं चौड़ीकरण के लिए 13 करोड़ रुपए की स्वीकृति और कुई कुकदुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति मिली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 57 किलोमीटर से अधिक के कुल 27 पक्की सड़क निर्माण हेतु 55 करोड़ से अधिक की स्वीकृति मिली, ग्राम छीरपानी में आगर नदी पर एनीकेट निर्माण और अमनिया के कन्हैया नाला में एनीकेट कम काजवे निर्माण, महीडबरा जलाशय शीर्ष कार्य के लिए 13 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। विगत 2 वर्षो में पंडरिया विधानसभा में भाजपा के सुशासन में ऐसे कई अभूतपूर्व कार्य और जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई हैं जो वर्षो से लंबित थी। वनांचल व दूरस्थ एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास पहुँच रहा है,पक्के आवास और सड़कें, बिलजी, पानी, जैसे मूलभूत सुविधाएं, शासन की कल्याणकारी योजनाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहें हैं।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने कृष्णा चंद्राकर, लोगों में हर्ष



■ जिले भर के पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पावन साय के सहमति से ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई, इसी क्रम में जिले के लिए नवापारा (कुण्डा) निवासी कृष्णा चंद्राकर को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उनके मनोनयन की घोषणा होते ही जिले भर की पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है।

जिले कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि कृष्णा चंद्राकर के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा जिले में संगठनात्मक मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह नियुक्ति संगठन को नई ऊर्जा देने के साथ साथ आगामी कार्यक्रमों और आंदोलनों को और गति प्रदान करेगी, कृष्णा चंद्राकर के जिला अध्यक्ष बनने पर भाजपा मण्डल कुण्डा भाजयुमो महिला मोर्चा अजजा मोर्चा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

# जिले में धान खरीदी, पारदर्शी और किसान-हितैषी ढंग से हो रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी अभियान पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 108 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। किसान अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर आसानी से धान का विक्रय कर रहे हैं, जिससे उनमें संतोष और विश्वास का निर्मित हुआ है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मानक सीमा के अनुसार धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के प्रभावी निर्देशन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया गया है। धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रता मापी यंत्र, पेयजल, छांव, श्रमिकों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसानों के धान की गुणवत्ता जांच आर्द्रता मापी यंत्र के माध्यम से की जा रही है, जिससे खरीदी प्रक्रिया निष्पक्ष और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित हो रही है। जिले में अब तक 39,198 किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है। किसानों से कुल 1,92,763 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में अब तक 45,474.05 लाख रूपए का भुगतान किसानों को सीधे उनके खातों में किया जा चुका है, जिससे किसानों को समय पर आर्थिक लाभ मिल रहा है। धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव कार्य भी लगातार जारी है। अब तक उपार्जन केंद्रों से 12,665 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जिससे भंडारण व्यवस्था पर दबाव नहीं पड़ रहा है और खरीदी कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उपार्जन केंद्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान खरीदी पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। धान विक्रय के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं, जिससे समय की बचत हो रही है और उन्हें सुव्यवस्थित सुविधा मिल रही है। जिले में धान खरीदी अभियान शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, सुचारू व्यवस्था और किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।



### ऑनलाइन टोकन से धान खरीदी हुई सरल और पारदर्शी



**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी व्यवस्था को लगातार अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया जा रहा है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा टोकन तुहर हाथ ऐप के माध्यम से 24×7 ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान घर बैठे अपनी सुविधा अनुसार टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। इस डिजिटल पहल से धान खरीदी की प्रक्रिया समयबद्ध होने के साथ-साथ खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित तिथि एवं समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है। इसी सुव्यवस्थित और डिजिटल व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खैरबाना कला के किसान निरंजन साहू को मिला। उन्होंने टोकन तुहर हाथ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपार्जन केंद्र पहुँचकर 36 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल और विक्रय तक की प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। निरंजन साहू ने बताया कि पूर्व में धान बेचने के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जबकि अब ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से समय की बचत हो रही है। खरीदी केंद्र में पहुँचते ही निर्धारित समय पर धान की तौल एवं खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। धान विक्रय के पश्चात भुगतान भी शीघ्रता से सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रही है। निरंजन साहू ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से न केवल खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रित हुई है, बल्कि किसानों को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित वातावरण में अपनी उपज विक्रय करने का अवसर भी मिला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनाई गई डिजिटल एवं पारदर्शी नीतियाँ किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने पंचराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की सगठनात्मक विस्तार के तहत पार्टी नेतृत्व ने पंचराम कोसले को प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है, उनकी इस नियुक्त से जिले सहित पूरे संभाग में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है, नवनियुक्त प्रदेश कार्य समिति सदस्य पंचराम कोसले लंबे समय से पार्टी संगठन में सकिय रहकर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा जन-सरोकारो के प्रति संवेदनशीलता एवं निरंतर सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई है। नियुक्त के बाद पंचराम कोसले ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर आभार व्यक्त करते हुए कहा जो मेरे ऊपर विश्वास पार्टी ने जाताया हैं, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने अनुसूचित जाति समाज के हितों संगठन की मजबूती एवं भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया, उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया प्रदेश स्तर पर पद मिलने से अनुसूचित जाति के लोगो में भारी उत्साह और भाजपा पार्टी को आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया।



## अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्तकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भूपेंद्र गढ़े व कलेश्वर निर्मलकर ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 47 वीं सीनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिम बंगाल के दत्तापुलिया शहर में 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गो की टीम भी सम्मिलित हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के पुरुष दल ने इतिहास रचते हुए 9 वीं बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रौशन किया।

वहीं इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े, कलेश्वर निर्मलकर एवं महिला वर्ग में कविता सिन्हा कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था जो 12 दिसंबर को रवाना हुए थे। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करते आ रहे है जो जिले के लिए गौरव की बात है। वही छत्तीसगढ़ की महिला दल ने लींग और नॉक आउट मैच के अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाया और सुपर लींग में पहुंचे, जहां इनका मुकाबला मध्यप्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र के साथ हुआ परन्तु दिल्ली के साथ जितने के बाद मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के साथ हार का सामना करना और इस प्रतियोगिता से बाहर हो गए महिला दल में कबीरधाम जिले से कविता सिन्हा का चयन हुआ था।

बताया जाता है कि एकेडमी के खिलाड़ी भूपेंद्र गढ़े सॉफ्टबॉल खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है, भूपेंद्र गढ़े का यह 22 वां राष्ट्रीय प्रतियोगिता था जिसमें अभी तक इन्होंने 9 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल एवं 2 कांस्य पदक हासिल कर चुके है साथ ही इनका नाम 2023-24 छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण जो होना है उसमें इनको शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार से भी सम्मानित किए जाएगा साथ ही कलेश्वर निर्मलकर का यह 7 वां राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। जिसमें कलेश्वर का यह प्रथम सीनियर नेशनल है, वही कलेश्वर ने अभी तक 2 स्वर्ण एवं 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक लगा चुके है साथ ही यह मुख्यमंत्री ट्रॉफी से भी सम्मानित हो चुके है।

### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लगाने के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, खैरागढ़ जिला वनमंडल अधिकारी दिलराज प्रभाकर, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा चेयरमेन पवन देवांगन, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों को बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।


छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से
हरिभूमि
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चन्द्रवंशी
जिलाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कबीरधाम (छ.ग.)


हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कवर्धा
विनीतः नगर पालिका परिषद कवर्धा


राजनांदगांव कवर्धा लोकसभा क्षेत्र के सभी देवमुल्य नगरिकों की ओर से
हरिभूमि
रायपुर संस्करण की 24वीं स्थापना दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
संतोष पाण्डेय (सांसद)
लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, कवर्धा

शिकायत: पदाधिकारियों ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट, कार्रवाई की मांग

# गोड़वाना भवन के नाम पर पोती गई काली स्याही, समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम नवागांव में अभी दो पक्षों के बीच धार्मिक स्थल को लेकर उपजा विवाद पूरी तरह से शांत भी नहीं हो पाया था कि अब जिला मुख्यालय कवर्धा में एक नया सामाजिक विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला गोंड़ समाज सेवा समिति द्वारा आदिवासी मंगल भवन के नाम से संचालित गोड़वाना भवन के नाम को बीते दिन किसी असामाजिक तत्व ने काली स्याही से पोत दिया। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी सामाजिक पदाधिकारियों को होने पर उन्होने इस घटना पर गहरी नाराजगी तथा आक्रोश प्रकट करते हुए मामले की शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जिला गोड़ समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा में उच्च विश्राम गृह के बगल में संचालित सामाजिक गोड़वाना भवन में बीते गुरूवार को किसी अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा भवन के सामने अंकित गोड़वाना भवन में काली स्याही पोत दी गई है। असामाजिक तत्वों के इस कृत्य पर गहरी नाराजगी तथा आक्रोश व्यक्त करते हुए समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह भवन के नाम पर कालिक नहीं पोती गई है बल्कि पूरे समाज को नीचा दिखाने का कार्य किया गया है जो घोर निदंनीय है। समाजिक पदाधिकारियों ने बताया कि अज्ञात लोगों ने इस कृत्य के अलावा भवन में रखे कुछ सामानों की भी चोरी की गई है। जिसकी रपट आज कवर्धा कोतवाली में कराई गई है साथ ही पुलिस प्रशासन ने अज्ञात आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने और कठोर कार्यवाही की मांग की है।।






### जिले में सामाजिक अशांति फैलाने की लगातार कोशिश

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में सामाजिक अशांति फैलाने की कोशिशें लगातार की जा रही है। पूर्व की घटनाओं को देखा जाए तो ग्राम कामठी से लेकर अभी हाल ही में ग्राम नवागांव में भी इसी तरह से सामाजिक अशांति फैलाने के प्रयास किए गए और अब इसी कड़ी में यह नया विवाद सामने आया है जो चिंता का विषय है। माना जा रहा है कि ऐसे विषयों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को ठोस और कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोका जा सके।



# नशामुक्ति थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगड़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी करपात्री जी मैदान कवर्धा में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति की थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस मागरे, द्वितीय स्थान पप्पू निषाद तथा तृतीय स्थान अनन्या सागर ने प्राप्त किया। वहीं 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंकज जायसवाल, द्वितीय स्थान पुष्पेंद्र साहू एवं तृतीय स्थान पिंटू साहू ने सफलता अर्जित की। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पंडा, अधीक्षक देवकुमार कौशिक, सुनील सरोज सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

**कवर्धा।** राज्य में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाते हुए इसे पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। राज्य में अब जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। भारत सरकार के महापंजीयक कार्यालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल के सफल क्रियान्वयन से यह व्यवस्था प्रभावी हुई है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। इससे पहचान से जुड़ी प्रक्रियाओं में स्पष्टता और एकरूपता आई है।

### 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक यूजीसी नेट परीक्षा

**कवर्धा।** विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नेट दिसंबर-2025 परीक्षा की विषयवार तारीख जारी कर दी है। यह परीक्षा 31 दिसंबर से शुरू होकर 7 जनवरी 2026 तक चलेगी। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ugc-net.nta.ac.in पर जाकर पूरा शेड्यूल देख सकते हैं।

### पंडरिया में स्वास्थ्य व रक्त दान शिविर कल

**कवर्धा।** देश व धर्म के लिए शहीदी देने वाले गुरु तेग बहादुर साहिब, माता गुजर कौर, चार साहिबजादे व शहीद सिंहों की याद में निशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर 21 दिसंबर को लगेगा। बंटी दुआ ने बताया कि यह शिविर गांधी चौक स्थित जैन धर्मशाला में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जहां डॉ. वीपी जायसवाल, डॉ. केके तिवारी, डॉ. अतुल जैन, डॉ. संगीता जैन, डॉ. मनोज चन्द्राकर, डॉ. शगुफ्ता परवीन समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

# एंटी स्नेयर वॉक फॉर कॉम्बेटिंग वाईल्डलाइफ क्राईम पर कार्यशाला

## कई विभागों के अधिकारी रहे शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हाल के दिनो में वन्यप्राणियों के संरक्षित क्षेत्र भोरमदेव अभ्यारण में चार बाइसन के शिकार तथा एक तेंदुआ की संदिग्ध मौत के बाद नींद से जागे वन विभाग ने वन्यप्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार को एंटी स्नेयर वॉक फॉर कम्बेटिंग वाईल्डलाइफ क्राईम विषय पर वृत्त स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन काष्ठागार सभागार, कवर्धा में किया गया। यह कार्यशाला श्रीमती एम. मर्सीबेला, मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग के मार्गदर्शन में तथा निखिल अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी, कवर्धा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में माथेश्वरन व्ही, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़, रायपुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पंकज राजपूत, वनमंडलाधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल, आयुष जैन, वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल, दिपेश कपिल, वनमंडलाधिकारी, दुर्ग वनमंडल, दिनेश कुमार पटेल, वनमंडलाधिकारी, मोहला-मानपुर वनमंडल, गुरुदयाल सिंह फ्लोरा, कार्यपालन अभियंता, सीएसईबी, कबीरधाम, एम. सूरज, नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी, रायपुर, सिद्धांत जैन, फील्ड ऑफिसर, नोवा नेचर वेलफेयर, चन्द्रकांत तिवारी सहायक उप निरीक्षक साइबर सेल कवर्धा तथा अधिवक्ता निमिष कुमार शर्मा उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात माथेश्वरन व्ही, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) द्वारा दुर्ग वृत्त के समस्त उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रत्येक वन बीट को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से पूर्व ही रोका जा सके। उन्होंने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने मुख्यालय में निवास करने, क्षेत्र में सतत गश्त करने, क्षेत्र से संबंधित डाटा संकलन करने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्ती बढ़ाने तथा सूचना प्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

### जिले के जंगलों फांदा-मुक्त बनाने संचालित किया जाएगा संयुक्त विशेष अभियान

कार्यशाला में एम. सूरज एवं सिद्धांत जैन द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से एंटी स्नेयर वॉक विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्नेयर (फांदा) के प्रकार, उसकी कार्यप्रणाली तथा एंटी स्नेयर वॉक की व्यवहारिक विधि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। एंटी स्नेयर वॉक का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्रों में शिकारियों द्वारा लगाए जाने वाले फांदों पर पूर्ण अंकुश लगाना है। वन वृत्त दुर्ग अंतर्गत उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्रों में एंटी स्नेयर वॉक का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कर सकें। आज की कार्यशाला के माध्यम से इस पद्धति का औपचारिक शुभारंभ किया गया। एम. सूरज, नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी, रायपुर के सहयोग से दुर्ग वृत्त के समस्त वन क्षेत्रों को फांदा-मुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाएगा।

### इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से किए जाने वाले अवैध शिकार से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई

इस अवसर पर गुरुदयाल सिंह फ्लोरा, कार्यपालन अभियंता, सीएसईबी, कबीरधाम द्वारा वन क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली विद्युत लाइनों में अवैध हुकिंग की समस्या एवं उसके नियंत्रण के उपायों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने वन विभाग एवं विद्युत विभाग के मध्य संयुक्त बैठक आयोजित कर समन्वित रणनीति तैयार करने तथा व्हाट्सएप समूह के माध्यम से आपसी समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया, जिससे ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। चंद्रकांत तिवारी, सहायक उप निरीक्षक, साइबर सेल, कवर्धा द्वारा बताया गया कि मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के माध्यम से अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सकता है। वहीं अधिवक्ता निमिष कुमार शर्मा द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से किए जाने वाले अवैध शिकार से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

# जिले के 942 बुथों में पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 तक, 1 लाख से अधिक बच्चे लेंगे खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में 21 से 23 दिसंबर 2025 तक व्यापक पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम भारत में 1995 से शुरू हुआ एक टीकाकरण अभियान है, जिसका उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर पोलियों से बचाव करना है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान की तैयारी कर ली गई है। रविवार 21 दिसंबर को निर्धारित पोलियों बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी तथा छुटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी।

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, सहसपुर लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चों को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है। जिसके लिए जिले में 942 बूथ बनाए गए है व 1884 टीम सदस्य है। जिसकी 377 पर्यवेक्षक द्वारा निगरानी की जाएगी तथा मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर भी टीम का गठन किया गया है, जो अलग अलग विकासखंड में निरीक्षण करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे ने बताया कि भारत में 2011 के बाद पोलियों का एक भी प्रकरण रिपोर्ट नही किया गया है एवं निरंतर पोलियो कि पहचान के लिए सर्विलेंस किया जाता है।

पोलियों से बचाव के लिए एक साथ सभी बच्चों को पोलियों के अतिरिक्त खुराक दी जाती है ताकि संक्रमण को रोका जा सकें। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे गुड़ फैक्ट्री, ईंट भट्ठा, बस स्टैंड, घुमंतू बसाहटों व शहरी स्लम एरिया में निगरानी की जाएगी व छूटे हुए बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो अभियान के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है. जैसे, पोलियो का वितरण, टीकाकर्मी का प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक की उपलब्धता आदि दिवाल लेखन व माइकिंग किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 21 दिसम्बर 2025 रविवार को आप अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की वैक्सीन अवश्य पिलावें। ''दो बूंद जिंदगी की'' भारत के स्वास्थ्य सेवा की एक बड़ी सफलता की कहानी है, जो हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का वादा करता है।

# ग्राम सिल्हाटी में किया गया जनसमस्या शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिल्हाटी

जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में 19 दिसंबर को सुशासन सप्ताह तहत गांव की ओर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में प्रायः सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की विभाग संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। बताया जाता है कि शिविर में अपनी समस्याएं तथा मांग लेकर बड़ी संख्या में ग्राम सिल्हाटी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन पहुंचे थे। जिन्होने विभागीय अधिकारियों को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर समस्याओं तथा मांगों से अवगत कराया।

प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक शिविर में 30 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया जबकि शेष आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

### सड़क किनारे सूखा पेड़ कभी भी हो सकता है धराशाही, दुर्घटना की आशंका



**कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में ग्राम प्रतापपुर से पेंड्रीकला मुख्य मार्ग के बीच सड़क किनारे राहगीरों के सिर पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, जिसके चलते कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घट सकती है। दरअसल इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले प्रतापपुर से पेंड्रीकला मुख्य मार्ग के बीच सड़क किनारे लम्बे समय से एक विशालकाल सूखा पेड़ खड़ा है। ग्रामीणों की माने तो लम्बे समय खुलेआसमान के नीचे नीचे खड़ा पेड़ काफी जर्जर हो चुका है। स्थिति ये है कि इस बेजान पेड़ का एक बड़ा हिस्सा सड़क के ऊपर ही मौजूद है। ऐसी स्थिति में पेड़ कभी भी भरभराकर जमीदोज हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से किसी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी दुर्घटना के पूर्व इस पेड़ को हटा दिया जाए ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

शिविर में सुनी गई लोगों की समस्याएं, स्थल पर ही समस्याओं का निराकरण

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा


फाईल फोटो

कबीरधाम जिले में जनपद पंचायत स्तरीय एवं नगरीय निकाय स्तर पर 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन प्रारंभ किया गया है। यह आयोजन जिले के जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रो में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जन समस्या निवारण शिविर द्वारा मांग शिकायत एवं अन्य विषय से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करते इसकी जानकारी प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा सभी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय को पत्र जारी कर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भारत सरकार प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन चिन्हांकित स्थानो में होगा तथा शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं मांग आदि विषयों का निराकरण किया जाएगा। प्रथम जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को जनपद पंचायत स. लोहारा के ग्राम पंचायत सिल्हाटी के हाई स्कूल परिसर में किया गया। इसी तरह 22 दिसंबर को जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना हाई स्कूल परिसर, 23 दिसंबर को जनपद पंचायत पंडरिया के मोहगांव हाई स्कूल परिसर एवं 24 दिसंबर को जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत बैजलपुर मिडिल स्कूल परिसर में शिविर का आयोजन होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगे बताया कि नगरीय निकाय स्तर पर 20 दिसंबर को नगर पंचायत बोड़ला, 22 दिसंबर को नगर पालिका कवर्धा, स.लोहारा, इंदौरी, पांडातराई एवं पिपरिया तथा 23 दिसंबर को नगर पालिका पंडरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# महात्मा गांधी नरेगा में वैज्ञानिक पद्धति युक्तधारा पोर्टल से हो रहा कार्यों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी निर्माण कार्यों का चयन तकनीकी पद्धति के आधार पर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य महात्मा गांधी नरेगा के साथ राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के संयुक्त भूवन प्लेटफार्म पर व्यापक रूप से निर्मित युक्तधारा पोर्टल में किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस टूल्स की सहायता से विभिन्न भौगोलिक और स्थनिक सूचनाओं को जोड़कर ग्राम पंचायत के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया को और भी सरल और सामग्र बनाया गया है। ताकि वैज्ञानिक पद्धति से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किए जाने के लिए निर्माण कार्य का चयन कर योजनाएं तैयार की जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों के चयन की प्रक्रिया ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए की जा रही है। मनरेगा में सभी अनुमेय कार्यों का वर्गीकरण नरेगा सॉफ्ट डेटाबेस के अनुसार किया गया है। जीआईएस आधारित कार्यों और ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के बीच एकीकरण करते हुए प्रस्तावित गतिविधियों के मूल्यांकन और स्वीकृत की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन अनुमोदन की व्यवस्था होगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगे बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष से सभी निर्माण कार्य युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकृत होंगे।सभी कार्य ग्राम पंचायत के भौतिक परिस्थितियों के अनुसार होगा और ग्रामीणों की अनुशंसा पर युक्तधारा पोर्टल में कार्य अपलोड होगा। जिले में युक्तधारा पोर्टल के क्रियान्वयन पर जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 471 ग्राम पंचायतों में से 264 ग्राम पंचायतो में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों की प्लानिंग करते हुए 245 ग्राम पंचायतों के कार्यों का प्लान युक्तधारा पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है।